# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – थाना मेरापुर

## दिनांक :- 02-10.2023

## थाना मेरापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 115/2023 धारा- 457/380/411 भादवि में वांछित 02 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक श्री डा0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी कायमगंज श्री सोहराब आलम के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मेरापुर पुलिस द्वारा दिनांक- 02.10.2023 को 02 नफर वांछित अभियुक्त 1.मिथिलाशी पुत्र रजाउद्दीन निवासी जटा थाना उसैत जनपद बदांयू, 2.रबीन खान पुत्र जमील खाँ निवासी मस्जिद नगला थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्त मिथिलासी के कब्जे से 01 तमंचा नाजायज व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ था जिसके सम्बन्ध मे अभियुक्त मिथिलासी उपरोक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0- 184/2023 धारा- 3/25 ए एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-

1. मिथिलाशी पुत्र रजाउद्दीन निवासी जटा थाना उसैत जनपद बदांयू।
2. रबीन खान पुत्र जमील खाँ निवासी मस्जिद नगला थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर।

**पूछताछ का विवरण:-** पूछताछ में दोनों अभियुक्तगणों ने बताया कि साहब मैं और मेरा साथी दोनों दोस्त हैं हम लोगों ने आज से करीब 04 महीने पहले चन्दुइया के भट्टे से आगे ग्राम रमापुर दबीर में गाँव के बाहर बम्बिया के किनारे के बने एक घर से दीवाल काटकर चोरी की थी जिसमे एक जोडी झुमकी और 01 अँगूठी सोने की, एक लाकेट, 02 जोड़ी पजेब व 6000/-रुपये मिले थे, सुबह होने के कारण हलचल होने लगी थी तो साहब हम दोनों ने पकडे जाने के डर से उसी दिन गाँव के बाहर तथा भट्टा से कुछ पहले बंजर पड़ी जमीन में एक नीम के पेड के पास झाड़ियों में चोरी किये गये सामान को छिपा दिया था आज हम लोगो को आपने पकड़ लिया है साहब मै मिथिलाशी अपनी सुरक्षा मे 01 तमंचा व 01 कारतूस जिन्दा 315 बोर रखता था जिसको भी आप लोगो ने मुझसे बरामद कर लिया था इसके अलावा मुझे और कुछ नहीं कहना है। यही मेरा बयान है।

## बरामदगी का विवरण:-

1. 01 देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर,
2. 01 जोडी झुमकी पीली धातु
3. 01 अंगूठी पीली धातु
4. 02 जोडी पायल सफेद घातु

## अभियुक्त मिथिलाशी पुत्र रजाउद्दीन काआपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 115/2023 धारा 457/380/411 भादवि थाना मेरापुर।
2. मु0अ0सं0 184/2023 धारा 3/25 ए एक्ट थाना मेरापुर।

## अभियुक्त रवीन खाँ पुत्र जमील खाँ का आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 115/2023 धारा 457/380/411 भादवि थाना मेरापुर।

## गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली थाना मेरापुर पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार
2. उ0नि0 बालेश्वर दयाल
3. हे0का0 अवधेश कुमार
4. का0 अमित कुमार

**मीडिया सेल फतेहगढ़**













GPS Map Camera


Shot on OnePlus
By k. panwar























